भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
व्यय विभाग

लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या – 647

सोमवार, 6 फरवरी, 2023/17 माघ, 1944 (शक)

तेलंगाना राज्य को निधियों का आबंटन

647. श्रीमती कविता मलोथू:
डॉ. वेंकटेश बोरलाकुंता:
डॉ. जी. रणजीत रेड्डी:

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बजट 2023-24 में हैदराबाद-विजयवाड़ा औद्योगिक कॉरिडोर और हुजुराबाद, जडचारिया, गडवाल, कोठाकोटा नौड के विकास के लिए आवंटन उपलब्ध कराने के लिए तेलंगाना सरकार से प्राप्त अनुरोध का ब्यौरा क्या है;
(ख) इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है;
(ग) क्या तेलंगाना सरकार ने सरकार द्वारा प्रस्तावित बजट 2023-24 में 1,500 करोड़ रुपये की मांग की है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त बजट में राज्य सरकार को कितनी राशि आवंटित किए जाने की संभावना है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) से (घ): जी, हाँ। तेलंगाना राज्य सरकार द्वारा मुहैया करायी गई सूचना के अनुसार तेलंगाना सरकार ने केन्द्रीय बजट 2023-24 में हैदराबाद–विजयवाड़ा औद्योगिक कॉरिडर सहित कई परियोजनाओं पर विचार करने के लिए दिनांक 14.01.2023 के पत्र सं. 1099/डी/एम(आई टी, एम ए एंड यू डी,आई एंड सी)/2023 के द्वारा एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। केन्द्र सरकार कर अंतरण, वित्त आयोग अंतरण, केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं, केन्द्रीय सैक्टर की योजनाओं, ईएपीएस के लिए एसीए, विशेष सहायता तथा पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता आदि शीर्षों के तहत् मंत्रालयों/विभागों के माध्यम से राज्यों को पर्याप्त संसाधन मुहैया कराती है, जिन्हें राज्य की प्राथमिकताओं के अनुसार संबंधित राज्य द्वारा इच्छित परियोजनाओं में लगाया जा सकता है।

*****